**बिहार सरकार**
**लघु जल संसाधन विभाग,**
**मुख्यालय अनुश्रवण**

संचिका संख्याः–ल0सिं0(मो0) निविदा परिवाद–38/25 - 139 (मो0) /पटना,दिनांकः–27.1.2026

प्रेषक,

**ई0 राजेन्द्र कुमार**
**अधीक्षण अभियंता (मु0),**
**अनुश्रवण,**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

सेवा में,

**मुख्य अभियंता,**
**लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर।**

विषयः–**दिनांक 27.01.2026 को सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही के संबंध में।**

महाशय,

दिनांक 27.01.2026 को सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना की अध्यक्षता में आहूत विभागीय निविदा समिति की बैठक में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर से प्राप्त निविदा की समीक्षा की गई–

| क्र0 सं0 | प्रमंडल का नाम | पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या | ग्रुप संख्या | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मधुबनी | 06/2025–26 | 02 | एकल |

विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही संलग्न करते हुए अनुरोध है कि निर्णय का अनुपालन कर नियमानुकूल आवश्यक कार्रवाई करते हुए E-Proc-2 पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

विश्वासभाजन
27/1/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक– 139 (मो0) /पटना, दिनांक–27.1.2026

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय Website पर अपलोड करने हेतु प्रेषित/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

27/1/26

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

D:\ASHUTOSH\ASHUTOSH-2026\JANUARY\LETTER-NIVIDA BAITHAK KARWAHI-MADHUBANI-HARIHARA.DOCX

ज्ञापांक– 139 (मो०) /पटना, दिनांक–27.1.2026

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता (यो0+अनु0+भूगर्भ), लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

ज्ञापांक– 139 (मो०) /पटना, दिनांक–27.01.2026

प्रतिलिपि– अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनु0–कार्यवाही की प्रति।

**अधीक्षण अभियंता (मु0)**
**अनुश्रवण**
**लघु जल संसाधन विभाग, पटना।**

D:\ASHUTOSH\ASHUTOSH-2026\JANUARY\LETTER-NIVIDA BAITHAK KARWAHI-MADHUBANI-HARIHARA.DOCX

**बिहार सरकार**
**<u>लघु जल संसाधन विभाग</u>**

**दिनांक 27.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी अन्तर्गत पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06/2025–26, ग्रुप संख्या–02, **(टेंडर आई0डी0–118625) हरिराहा चेक डैम का निर्माण कार्य एवं पिपराही चेक डैम का निर्माण कार्य** पर मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के स्तर पर गठित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर समीक्षा एवं निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही–

**उपस्थिति–**

(i) श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

(ii) ई0 सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

(iii) ई0 सुनील कुमार, मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर।

(iv) श्री निर्भय कुमार, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

(v) ई0 राजेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता (मु0) अनुश्रवण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

**2.** विभागीय पत्रांक–5828 दिनांक–03.12.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष–2024–25 अन्तर्गत हर खेत तक सिंचाई का पानी कार्यक्रम के तहत इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। दिनांक–26.11.2024 को कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी द्वारा इस योजना का प्रथम निविदा का प्रकाशन किया गया, जिसमें कुल चार निविदादाताओं के द्वारा भाग लिया गया। दिनांक–20.01.2025 को मुख्य अभियंता स्तर पर गठित तकनीकी मुल्यांकण समिति द्वारा दो निविदादाताओं को मान्य एवं दो को अमान्य घोषित किया गया है। मान्य निविदादाताओं में से एक निविदादाता मे0 सावन राज कन्सट्रक्शन द्वारा अन्य निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करने के कारण इनके तकनीकी निविदा को अमान्य किया गया। एक निविदादाता द्वारा परिवाद समर्पित किया गया जिसे विभागीय पत्रांक 950 (मो0) दिनांक 04.08.2025 द्वारा परिवाद को अमान्य किया गया फलस्वरूप निविदा में मात्र एक निविदादाता सफल हुए।

एकल निविदा होने के कारण दिनांक–08.08.2025 को इस योजना का दुसरी बार पुनर्निविदा का प्रकाशन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी द्वारा किया गया। जिसमें एक निविदादाता द्वारा भाग लिया गया है। दिनांक–01.09.2025 को मुख्य अभियंता, स्तर पर गठित तकनीकी मुल्यांकण समिति द्वारा तकनीकी निविदा को मान्य किया गया।

पुनर्निविदा में एकल निविदादाता फुलदेव नारायण सिंह, बिल्टेक प्रा0 लि0, निर्मला भवन, राजा नगर, निकट प्रभात तारा बालिका विद्यालय, भगवानपुर, पो0 + थाना– सदर, जिला–मुजफ्फरपुर के सफल होने के कारण इनके तकनीकी बीड को अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति को उपलब्ध कराया गया। दिनांक 20.09.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में उक्त निविदा को रदद करते हुए पुर्ननिविदा किये जाने का निर्णय लिया गया। जो विभागीय पत्रांक 1219 दिनांक 20.09.2025 द्वारा संसूचित है।

दिनांक–26.11.2025 को इस योजना का तीसरी बार पुनर्निविदा का प्रकाशन कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मधुबनी द्वारा किया गया। जिसमें कुल 01 निविदादाता द्वारा भाग लिया गया। दिनांक–22.12.2025 को मुख्य अभियंता, स्तर पर गठित तकनीकी मुल्यांकण समिति द्वारा एक निविदा को मान्य किया गया। उक्त निविदा एकल होने के कारण मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक 2109 दिनांक 31.12.2025 द्वारा पुनर्निविदा में एकल निविदादाता **पूजा कुमारी, ग्राम–खैरा, पो0–निसरपुर, थाना–टेकारी, जिला–गया** के सफल होने के कारण इनके तकनीकी बीड को अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति को उपलब्ध कराया गया। दिनांक 12.01.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड मूल्यांकन की पुर्नसमीक्षा हेतु मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर को भेजा गया, जो विभागीय पत्रांक 66 (मो0) दिनांक 12.01.2026 द्वारा संसूचित है। जिसके क्रम में मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक 112 दिनांक 16.01.2026 द्वारा तकनीकी बीड की पुर्नसमीक्षा कर उपलब्ध कराया गया है। जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि संवेदक पूजा कुमार के द्वारा समर्पित अद्यतन बीड कैपेसिटी की समीक्षा की गयी। संवेदक द्वारा शपथ–पत्र के माध्यम से अद्यतन बीड कैपेसिटी उपलब्ध कराया गया है। जिसके अनुसार बीड कैपेसिटी इस निविदा हेतु पर्याप्त पाया गया तथा अन्य तकनीकी अहर्ता को पूरा करते हैं। अतएव इनकी तकनीकी निविदा को मान्य किया जाता है।

**3. विभागीय निविदा समिति का निर्णय–**

मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, मुजफ्फरपुर के पत्रांक 2109 दिनांक 31.12.2025 एवं पत्रांक 112 दिनांक 16.01.2026 के आलोक में पुनर्निविदा में सफल एक मात्र संवेदक **पूजा कुमारी, ग्राम–खैरा, पो0–निसरपुर, थाना–टेकारी, जिला–गया** के तकनीकी बीड को वित्त विभाग से निर्गत अधिसूचना संख्या 7806 दिनांक 30.09.2016 के तहत मान्य किया जाता है।

**4** विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही को e-proc website पर निर्णय प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर डाला जाना है।

27/1/26
(राजेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
(मु0) अनुश्रवण
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

27/1/26
(निर्भय कुमार)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

27/1/2026
(सुनील कुमार)
मुख्य अभियंता,
लघु जल संसाधन विभाग,
मुजफ्फरपुर।

27/01/26
(सुनील कुमार)
अभियंता प्रमुख,
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

(बी0 कार्तिकेय धनजी)
सचिव
लघु जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।